आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व विविध (पुनर्विलोकन) प्रार्थना पत्र सं0 639/2017 अनवान
राजेश नाथ व अन्य बनाम फतेहसिंह वगैरा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.02.26	पत्रावली वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत "प्रार्थना पत्र मिसल तलब कर आवश्यक सुनवाई करने बावत" तथा "प्रार्थना पत्र बावत अपील जरिये विड्रोल खारिज करने बावत" के क्रम में तलब कर तारीख पेशी पर ली गई। प्रार्थी संख्या 1 व 2 स्वयं उपस्थित, इनकी ओर से अधिवक्ता श्री किसनाराम विश्नोई ने अपना वकालतनामा पेश किया व इनकी पहचान अंकित की गई। प्रार्थी सं0 3–सुनिता नाथ का मृत्यु प्रमाण पत्र पेश किया गया, जो शामिल पत्रावली है। अप्रार्थीगण पूर्व से अनुपस्थित है। वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह आग्रह किया कि प्रकरण में पक्षकारों के मध्य आपसी समझाईस एवं लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। इस कारण प्रार्थी उक्त प्रार्थना पत्र को आगे चलाना नही चाहते है तथा विड्रो करना चाहते है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र जरिये विड्रो खारिज फरमावे। अतः वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थीगण का उक्त पुनर्विलोकन प्रार्थना पत्र जरिये विड्रोल खारीज किया जाता है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किये जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर न्यायालय हाजा की मूल अपील संख्या 180/2012 के साथ दाखिल दफ्तर की जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। (सुनिता चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, जोधपुर	[illegible]